हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, बुधवार 29 अप्रैल 2026

11 कर्मचारियों की भूख हड़ताल जारी, मंत्री के बयान पर जताया रोष



12 बीडीपीओ की मनमानी के खिलाफ धरने जारी



## खबर संक्षेप

### 'मन की बात' में फतेहाबाद चौथे स्थान पर

**फतेहाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' को लेकर फतेहाबाद जिले ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिले के सभी 708 बूथों पर लगातार 12वीं बार 100 प्रतिशत भागीदारी और डाटा अपलोडिंग सुनिश्चित की गई है, जिसके चलते फतेहाबाद को हरियाणा में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने इस सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत और टीम वर्क को दिया।

### बदमाशों ने महिला से छीनीं बालियां

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव हांडीखेड़ा में मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने एक महिला के आंखों मिर्च पाउडर डालकर व चाकू के बल पर सोने की बालियां छीन ली और मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित महिला के बयान दर्ज किए। युवकों ने अपने मुंह कपड़े से ढके हुए थें। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक सिरसा शहर से ई रिक्शा पर सवार होकर गांव हांडीखेड़ा जा रही महिलाओं के साथ वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे।

### पुलिस ने अवैध पिस्तौल सहित आरोपी दबोचा

**कालांवाली।** पुलिस ने ओढां रोड कालांवाली क्षेत्र से एक व्यक्ति को 12 बोर के अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए कालांवाली प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के बठिंडा निवासी सुखदेव सिंह के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव कालांवाली क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गांव कालांवाली के शमशान घाट के संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है।

### पुलिस ने हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव दादू क्षेत्र से एक व्यक्ति को 7 ग्राम 470 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सिंघपुरा चौकी प्रभारी सुखचैन सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी की पहचान जसप्रीत के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव दादू क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़कर भागने की कोशिश करने लगा।

### 'सुशासन की ओर गांव' पर कार्यशाला आज

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर रूरल स्टडीज तथा यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर आउटरीच प्रोग्राम एंड एक्सटेंशन के तत्वावधान में बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में सुशासन की ओर गांव विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

---

### कल तक मौसम रहेगा परिवर्तनशील, हल्की बारिश के आसार

# तूफान का कहर: पेड़, खंभे और तार टूटीं, रातभर बिजली रही गुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार अलसुबह जिला में तेज अंधड़ व धूल भरी आंधी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। इससे पूर्व तेज हवाएं चलने से रातभर बिजली के कट लगते रहे। सुबह सूर्य उदय के बाद ही मौसम साफ हुआ। दरअसल देर रात तेज आंधी से बिजली की केबल व झूलती तारें टूटकर नीचे गिर गई थी, जिस कारण बिजली निगम को बार-बार कट लगाने पड़े। पूरी रात शहर में बिजली गायब रही। 220 केवी से 132 केवी जा रही लाइनों में आए फाल्ट ठीक करने में बिजली कर्मचारी रातभर जुटे रहे। यही हाल जिले के रतिया, जाखल, कुलां व भूना क्षेत्र में था। आंधी से निगम के करीब एक दर्जन खंबे व सडक़ व नहर किनारे लगे करीब 50 पेड़ नीचे गिर गए। उधर, फतेहाबाद अनाज मण्डी में गेहूं उठान का काम सुस्त होने के कारण लाखों बोरी गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा रहा। किसान इस बात को लेकर चिंतित थे कि मौसम विभाग ने बारिश की आशंका जता रखी है। अगर बरसात हुई तो उनका गेहूं भीगकर खराब हो जाएगा। पिछले कई दिनों से मौसम विभाग ने 27 अप्रैल को एक नए पश्चिमी विक्षोभ आने की भविष्यवाणी की हुई थी। इसी पश्चिमी विक्षोभ के चलते मंगलवार अल सुबह जिला फतेहाबाद में धूल भरी हवाएं चली व अंधड़ आया। घंटाभर आए तूफान से खेतों में खड़े बिजली के पोल, ट्रांसफार्मर व बिजली की लाइनें टूट कर जमीन पर आ गिरी। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 30 अप्रैल तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा तथा इस दौरान हल्की बरसात की संभावना है।



**फतेहाबाद।** तेज अंधड़ से गिरा बिजली पोल। *फोटो: हरिभूमि*

#### ये गांव हुए प्रभावित

तेज अंधड़ से जिले के गांव हिम्मतपुरा, अमानी, कुलां, दीवाना, ढेर, खाराखेड़ी, खासा पठाना, बनमंढौरी, पीलीमंदौरी, अहलीसदर, जाण्डली, गोरखपुर, चौबारा, अहरवां, अयाल्की, भरपूर, सिंथला, कन्हड़ी, नन्हेड़ी, समैण इत्यादि गांवों में काफी पोल गिरे हैं। कई गांवों में ट्रांसफार्मर गिरने से करीब 8 घंटे बिजली गुल रही। अनेक गांवों में सडक किनारे लगे पेड़ टूटकर सडक पर जा गिरे और ट्रेफिक ठप्प हो गया। बाद में इन पेड़ों को जेसीबी की सहायता से सडकों से हटाकर यातायात बहाल किया गया।



**सिरसा।** आंधी से राइस मिल का गिरा शेड। *फोटो: हरिभूमि*

#### सिरसा : राइस मिल का शेड व फॉल्स सीलिंग गिरी

**सिरसा।** जिला में सोमवार रात अचानक आए तेज तूफान ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं के साथ उड़ती धूल के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ा। तूफान के दौरान कई जगहों पर पेड़ की टहनियां टूटकर सडकों पर गिर गईं, जबकि कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। लोगों को रात के समय घरों के दरवाजे-खिड़कियां बंद करने पड़े, ताकि धूल अंदर न आ सके। तूफान के चलते सिकंदरपुर स्थित मां भागवती राइस मिल्स में बड़ा नुकसान हो गया। मिली जानकारी के अनुसार तेज आंधी और हवाओं के दबाव से राइस मिल का शेड और अंदर लगी फॉल्स सीलिंग अचानक गिर गई। घटना के समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन मिल को काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। मिल्स के मालिक मोहनलाल ने बताया कि मंगलवार सुबह मिल्स में पहुंचे तो फैक्टरी में लगे शेड दूर खेतों में पड़े थे।

---



**सिरसा।** आग बुझाते दमकल कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

## स्पेयर पार्ट्स के गोदाम में लगी आग, 50 लाख का नुकसान

- साथ में निजी अस्पताल और शराब का ठेका होने से मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

शहर के बस अड्डा के नजदीक सोमवार रात एक ट्रैक्टर एजेंसी के स्पेयर पार्ट्स के गोदाम में आग लग गई। एजेंसी के दाईं तरफ एक निजी अस्पताल है जबकि बाईं तरफ शराब ठेका है। आग लगने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। एहतियात के तौर पर अस्पताल के प्रथम दल पर भर्ती मरीजों को दूसरी मंजलि में शिफ्ट किया गया। एक के बाद एक पांच दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आगजनी में एजेंसी संचालक को करीब 50 लाख रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। रात को अचानक ट्रैक्टर एजेंसी से धुआं निकलना शुरू हुआ और कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगी। कर्मचारियों ने ट्रैक्टरों को बाहर निकालना शुरू किया। शराब ठेका कारिंदों ने शराब ठेका को खाली किया। वहीं अस्पताल के प्रथम तल में भर्ती मरीजों को एहतियात के तौर पर दूसरी मंजलि में शिफ्ट किया गया। एजेंसी में ट्रैक्टरों का रिपेयर का काम भी किया जाता है जिस कारण मोबिल में आग लगने के कारण अस्पताल परिसर में काला धुआं भर गया।

#### आग पर पाया काबू

गौरतलब है कि दमकल कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर है, जिसके चलते रोडवेज विभाग के चालकों ने दमकल कर्मी बनकर आग बुझाई। हरियाणा रोडवेज सिरसा डिपो के चालक चमन लाल ने बताया कि हरियाणा रोडवेज के चालकों को दमकल विभाग की गाड़ी लेकर आना पड़ा और आग बुझाई। उन्होंने बताया कि चार गाड़ियां दमकल विभाग की मौके पर पहुंची जबकि एक गाड़ी एयर फोर्स स्टेशन से बुलाई पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हरियाणा रोडवेज सिरसा डिपो के जीएम कुलदीप जांगड़ा ने बताया कि अभी दमकल विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल चल रही है। इसको लेकर सिरसा उपायुक्त के निर्देश पर रोडवेज चालकों को वहा पर लगाया गया है। देर रात्रि को लगी भीषण आग के दौरान कर्मचारियों ने बेहतरीन काम किया है। उन चालकों को सम्मानित किया जाएगा।

---

## 20 एकड़ में गेहूं का भूसा जला

- हड़ताल के चलते नहीं पहुंचे दमकल कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

क्षेत्र के गांव नाथूसरी कलां में मंगलवार सुबह गेहूं के भूसे में अचानक आग लग गई। हवा के कारण आग तेजी से आगे बढने लगी और देखते ही देखते 20 एकड़ को अपनी चपेट में ले लिया और खेतों में 4 तूड़ी के ढेर जिससे किसानों ने पशुओं के चारे के लिए इक्कठा किया था जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने तूरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को लेकिन उनका फोन बंद आ रहा था। जब डायल 112 की टीम ने दमकल विभाग से बातचीत की तो पता चला की कर्मचारी आज हड़ताल पर है जिसके कारण दामकल की गाडिय़ां नहीं पहुंच सकती। इसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया तब तक आग ने 20 एकड़ को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीबन 9 बजे नाथूसरी कंला के किसान सुशील कस्वां, राजवीर जांगड़ा, राजेंद्र जांगड़ा जगदीश, सतवीर कासनियां खेतों में पड़े गेहूं के भूसे में अचानक आग लग गई।



**सिरसा।** आग से जला गेहूं का भूसा। *फोटो: हरिभूमि*

## गोशाला में भीषण आग, तूड़ी जलकर राख

- हरियाणा और पंजाब की दमकल गाड़ियों ने 3 घंटे में पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिले की जाखल मंडी स्थित श्री कृष्ण गोशाला के तूड़ी भंडार में मंगलवार सुबह अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और आसमान में धुएं का काला गुबार छा गया। इस घटना से गोशाला परिसर और आसपास के क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। आग बुझाने के लिए स्थानीय दमकल विभाग के साथ-साथ पड़ोसी राज्य पंजाब से भी फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां बुलानी पड़ीं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह जब गोशाला के कर्मचारी अपने दैनिक कार्यों में जुटे थे, तभी तूड़ी के गोदाम से धुआं निकलता दिखाई दिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, सूखी तूड़ी होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोशाला कमेटी ने तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को दी।



**फतेहाबाद।** जाखल गोशाला में लगी आग बुझाते दमकल कर्मचारी।

#### 3 घंटे में पाया काबू

आर्थिक नुकसान का अभी सटीक आकलन नहीं किया जा सका है, लेकिन यह काफी बड़ा बताया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर जाखल थाना प्रभारी सुरेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। आग बुझाने के कार्य में सरकारी तंत्र के साथ-साथ सामाजिक संस्था शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर फोर्स विंग के सदस्य और मंडी के स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया। स्थानीय लोगों ने बाल्टियों और उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने में मदद की। लगभग तीन घंटे के संयुक्त अभियान के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।

---

## गो तस्करी का बड़ा प्रयास नाकाम, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

टोहाना में पुलिस और गोरक्षा दल की संयुक्त टीम ने चंडीगढ़ रोड पर मुस्तैदी दिखाते हुए गौ तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध पिकअप गाड़ी को रुकवाने का प्रयास किया, लेकिन ड्राइवर ने रुकने के बजाय गाड़ी की रफ्तार बढ़ाकर भागने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस और गोरक्षा दल के सदस्यों ने पीछा कर आरोपी ड्राइवर को काबू कर लिया। पकड़े गए आरोपी ड्राइवर की पहचान उत्तर प्रदेश के गोंडा निवासी अमरजीत के रूप में हुई है। जांच के दौरान पिकअप गाड़ी की तलाशी ली गई, जिसमें से दो बैल और एक गाय बरामद हुए।



गौतस्करी के आरोप में गिरफ्तार युवक।

## पक्षियों की प्यास बुझाने आगे आए छात्र, पेड़ों पर बांधे सकोरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

बढ़ती गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच शांति निकेतन स्कूल, भूना के विद्यार्थियों ने मानवीय संवेदना की मिसाल पेश करते हुए पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने का सराहनीय कदम उठाया। मंगलवार को स्कूल परिसर में विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने मिलकर पेड़ों पर मिट्टी के सकोरे बांधे और उनमें पानी भरकर बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प लिया। गर्मी के मौसम में जल स्रोत सूखने के कारण पक्षियों को पानी के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देती है, बल्कि जीव-जंतुओं के प्रति दया भाव भी विकसित करती है।



पेड़ों पर सकोरे बांधकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करते हुए विद्यार्थी।

## फतेहाबाद के मोनू हत्याकांड में परिजनों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर के कीर्ति नगर इलाके में हुए युवक मोनू की हत्या के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मंगलवार को मृतक के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने भारी संख्या में गुरुनानकपुरा चौकी पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। परिजनों का सीधा आरोप है कि पुलिस इस मामले में ढिलाई बरत रही है और केवल चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर औपचारिकता पूरी कर ली गई है, जबकि वारदात में शामिल अन्य मददगारों को अब तक नहीं पकड़ा गया है। मृतक के भाई सचिन और अन्य परिजनों ने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि जांच के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया था, लेकिन पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। परिजनों का दावा है कि इन युवकों की भी हत्याकांड में सक्रिय भूमिका थी।



मर्डर केस में गिरफ्तार चारों युवक।

#### आश्वासन दिया

*चौकी प्रभारी रमेश कुमार ने परिजनों को शांत करते हुए बताया कि पुलिस ने अब तक चार आरोपियों शंकर लाल, किताब, अरुण और अभिलाष उर्फ निंजा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में इन आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पुलिस प्रशासन ने परिजनों को आश्वस्त किया है कि इस मामले की गहनता से जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता के सबूत मिलते हैं, तो उसे भी जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।*

---

## नागरिक अस्पताल के शौचालय में मिला युवक का शव, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

जिला नागरिक अस्पताल में मंगलवार को उस समय हडक़ंप मच गया, जब अस्पताल के शौचालय में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन और पुलिस विभाग में खलबली मच गई। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है और न ही अस्पताल के रिकॉर्ड में उसके बारे में कोई जानकारी उपलब्ध है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल में उपचाराधीन एक मरीज के साथ आया हुआ व्यक्ति जब शौचालय की ओर गया, तो उसने वहां एक युवक को अचेत अवस्था में जमीन पर पड़ा देखा। उसने तुरंत इसकी जानकारी अस्पताल के सफाई कर्मचारी को दी।




#### ओपीडी रजिस्टर में नहीं मिला नाम दर्ज

डॉक्टरों के निर्देश पर युवक को स्ट्रेचर के माध्यम से इमरजेंसी वार्ड में लाया गया, जहां गहन जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अस्पताल प्रशासन ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और अपने स्तर पर युवक का रिकॉर्ड खंगाला। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मृतक युवक न तो अस्पताल में भर्ती था और न ही ओपीडी रजिस्टर में उसका कोई नाम दर्ज मिला है। वह अस्पताल परिसर में किस उद्देश्य से आया था, यह अभी जांच का विषय है।

### 6 में से 5 उम्मीदवारों ने वापस लिया नामांकन, एकमात्र प्रत्याशी को मिली जीत

## अमनदीप कौर बनी गांव खाई की सरपंच, तामसपुरा में गुरप्रीत व मलकियत के बीच सरपंची का मुकाबला

- तामसपुरा में नहीं हुआ मुकाबला खत्म, 10 मई को होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया

रतिया ब्लॉक के गांव खाई में सरपंच पद के लिए 6 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भरने के बाद मंगलवार को नामांकन वापसी के तहत पांच उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापस ले लिए। इसके चलते एकमात्र उम्मीदवार अमनदीप कौर को रिटर्निंग अधिकारी गांव का सरपंच नियुक्त किया गया और उन्हें नियुक्ति पत्र भी दिया गया। वही नागपुर ब्लॉक के गांव तामसपुरा में गुरप्रीत सिंह और मलकियत सिंह ने नामांकन दाखिल किया है व नामांकन वापसी के तहत किसी उम्मीदवार द्वारा नामांकन वापस लेने के चलते अब 10 मई को गांव तामसपुरा में सरपंच पद का चुनाव होगा गांव खाई के सहायक रिटर्निंग अधिकारी सतपाल ने बताया कि गांव खाई में महिला सरपंच पद के लिए आरक्षित चुनाव को लेकर अमनदीप कौर, रमनदीप कौर, संतोष, इशा, उषा, व सुषमा सहित 6 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था जिसमें रमनदीप कौर, संतोष, इशा, उषा, व सुषमा सहित 5 उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया। इसके बाद एकमात्र उम्मीदवार होने के चलते अमनदीप कौर को सरपंच नियुक्त किया गया।



**रतिया।** गांव खाई की सरपंच अमनदीप कौर को नियुक्ति पत्र देते हुए सहायक रिटर्निंग अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

#### तीन पंच भी निर्विरोध निर्वाचित

रतिया क्षेत्र में दो सरपंच पद के चुनाव के साथ-साथ 3 गावो में पंच पद का चुनाव था जिसमें गांव बोड़ा के वार्ड 3 से पवन वार्ड 8 से रंजीत, नंगल के वार्ड 14 से सुनीता और लठेरा के 1 वार्ड से जसपाल सिंह के पंच पद के एक एक नामांकन पत्र आने के चलते उन्हें पंच नियुक्त किया गया।



# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

## लाइफ Style



# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

## टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

**नई दिल्ली।** एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। स्प्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7

**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया



है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।' इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है। 'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।

# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षी: टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा*



*देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*

**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन' की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रोपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### आप नेता पर हुए हमला के मामले में केस दर्ज

**सिरसा।** सदर सिरसा पुलिस ने आम आदमी पार्टी की किसान विंग के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह बेगू पर बीती 21 अप्रैल को किए गए जानलेवा हमले के मामले में तीन अज्ञात कार सवार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्जकर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। सुरजीत सिंह ने पुलिस में दर्ज करवाई अपनी शिकायत में बताया कि वह सिरसा से रात्रि करीब 9 बजे अपने घर की ओर बाइक पर जा रहा था। उसने बताया कि जब वह बेगू से बाजेकां रोड पर पहुंचा तभी पीछे से आई कार ने उन्हें टक्कर मारी, जिसके कारण वह बाइक सहित नीचे गिर गए। तभी कार सवार युवकों ने हथौड़ा, नलका और बेसबाल के डंडे से हमला बोल दिया, जिस पर वह चिल्लाया।

### सरकार ने कर्मचारियों को दिया तोहफा : केहरवाला

**सिरसा।** भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं जिला प्रवक्ता डा. गंगा सागर केहरवाला ने प्रेस बयान में कहा कि विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान कर्मचारियों के हितों में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने हरियाणा लिपिकीय सेवा (भर्ती और सेवा की शर्तें) विधेयक, 2026 पारित कर कर्मचारियों को शानदार तोहफा दिया है। जारी बयान में केहरवाला ने कहा कि इस विधेयक से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जाएगा।

### मारपीट और हमला करने वाला आरोपी काबू

**हिसार।** थाना सिविल लाइन ने सरसाना गांव में हुई मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में मुख्य आरोपी संदीप निवासी सरसाना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हमले में प्रयुक्त पिस्टल नुमा हथियार भी बरामद कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। सरसाना निवासी संदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 21/22 अप्रैल रात्रि करीब 12 बजे, जब वह अपनी गाड़ी से घर लौट रहा था, तो 'सेठ कनीराम विवाह भवन' के पास एक सफेद स्विफ्ट कार बीच रास्ते में खड़ी थी। जब उसने गाड़ी साइड में करने को क, तो वहां शराब पी रहे आरोपी संदीप ने अभद्र व्यवहार किया और मारपीट शुरू कर दी। आरोपी ने पीड़ित की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए और उसके घर तक पीछा किया।

### हड़ताल ने 21वें दिन में किया प्रवेश, दमकल विभाग ठप

# कर्मचारियों की भूख हड़ताल, मंत्री के बयान पर यूनियन ने जताया रोष


**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे दमकल कर्मचारी।


**फतेहाबाद।** भूख हड़ताल के दौरान नारेबाजी कर रोष जताते नगरपरिषद कर्मचारी।

### ■ विभिन्न संगठनों ने किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की राज्यव्यापी हड़ताल मंगलवार को 21वें दिन में प्रवेश कर गई। अपनी मांगों को लेकर अड़े कर्मचारी अब क्रमिक भूख हड़ताल के जरिए सरकार के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। मंगलवार को फतेहाबाद दमकल केंद्र पर प्रधान विनोद खिचड़, संजय राव, महेन्द्र गोदारा और जय सिंह राहड़ भूख हड़ताल पर बैठे। पिछले 8 अप्रैल से जारी इस हड़ताल के तहत कर्मचारी पहले ही जिले के विधायकों और सांसदों को ज्ञापन सौंप चुके हैं। धरने को स्थानीय संगठनों का भी साथ मिल रहा है। मंगलवार को मजदूर नेता रामकुमार बहबलपुरिया, रमेश कुमार भोडियाखेड़ा, जगदीश, किसान सभा के जिला कमेटी सदस्य योगेन्द्र सिंह, हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला सचिव संदीप महिया ने धरना स्थल पर पहुंचकर दमकल कर्मियों की मांगों का पुरजोर समर्थन किया और सरकार की कार्यप्रणाली की आलोचना की। यूनियन के नेताओं ने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री विपुल गोयल के उस बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'अग्निशमन विभाग का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।' यूनियन के फतेहाबाद प्रधान विनोद खिचड़ और राज्य सचिव सतबीर सहारण ने आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए मंत्री के दावे को गैर-जिम्मेदाराना बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 103 दमकल केन्द्रों पर 3158 कुल स्वीकृत पद है। वर्तमान में कार्यरत 2208 कर्मियों में से केवल 568 ड्यूटी पर हैं। कुल 1648 कर्मचारी हड़ताल में शामिल हैं। नेताओं ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण प्रतिदिन हर जिले में 30 से 40 आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में कर्मचारियों की कमी के बावजूद विभाग के सुचारू चलने का दावा जनता को गुमराह करने जैसा है। दमकल कर्मियों ने मंत्री के उस बयान की भी कड़ी निंदा की गई जिसमें उन्होंने 'दिक्कत आने पर ठोस कदम उठाने' की बात कही थी।

### नगरपरिषद कर्मचारियों की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी मांगें नहीं मानी जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**फतेहाबाद।** नगरपरिषद फतेहाबाद के कर्मचारियों ने मंगलवार को दूसरे दिन भी क्रमिक भूख हड़ताल जारी रही। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान विजय ढाका ने की। भूख हड़ताल में इकाई सचिव ओम प्रकाश लॉट, गुरदयाल भट्टी, जसवंत सिंह, शम्मी, अनिल, प्रताप, मोनू, शकुंतला देवी, सरोज, बबली, उर्मिला और कृष्णा देवी सहित अनेक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और सरकार के रवैये के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इकाई प्रधान नरेश राणा, जिला प्रधान विजय ढाका और इकाई सचिव ओम प्रकाश लॉट ने सरकार को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार केवल आश्वासन देकर उन्हें टाल रही है। उन्होंने साफ किया कि यदि सरकार ने जल्द ही कर्मचारियों की सुध नहीं ली और मांगों का ठोस समाधान नहीं किया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। इसी कड़ी में संघ ने घोषणा की है कि आगामी 1 और 2 मई को प्रदेश भर के नगरपालिका, नगर परिषद और नगर निगम कर्मचारी दो दिवसीय पूर्ण राज्यस्तरीय हड़ताल पर रहेंगे। संघ के नेताओं ने स्पष्ट किया कि इस हड़ताल के कारण जनता को होने वाली किसी भी असुविधा की पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।


**भूना।** सांचला विद्यालय में छात्रा दीक्षा को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

# मेधावी विद्यार्थियों का भव्य सम्मान समारोह

*दीक्षा को उसकी दोहरी सफलता के लिए विशेष सम्मान दिया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सांचला में मंगलवार को मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना और अन्य विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा। समारोह में विद्यालय के उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया जिन्होंने जिले और प्रदेश स्तर पर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा दीक्षा को उसकी दोहरी सफलता के लिए विशेष सम्मान दिया गया। दीक्षा ने न केवल नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप चयन में सफलता प्राप्त की, बल्कि बुनियाद परीक्षा में पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया। दीक्षा के साथ ही बुनियाद चयन परीक्षा में सफलता पाने वाले अन्य विद्यार्थियों सोमी, राहुल और ज्योति को भी उनकी मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से इन सभी मेधावी छात्रों को ट्रॉफी और उपहार भेंट किए गए, वहीं गांव के सरपंच राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर उनकी उपलब्धि की सराहना की।

#### दी शुभकामनाएं

समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय परिवार बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर समर्पित है। यहां शिक्षक नियमित पाठ्यक्रम के साथ-साथ विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। इसी का परिणाम है कि विद्यालय के छात्र निरंतर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। प्राचार्य ने बताया कि एनएमएमएस छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को प्रति माह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी, जिससे उन्हें अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने में आर्थिक सहायता मिलेगी। पेंशन बचाओ संघर्ष समिति के भूना खंड प्रधान दलीप भाकर ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।



### ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में के खिलाड़ियों का दबदबा

**सिरसा।** मोहाली में आयोजित ओपन शूटिंग प्रतियोगिता में तेजस स्पोर्ट्स शूटिंग के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपने सटीक निशाने से शानदार प्रदर्शन करते हुए एकेडमी के साथ-साथ जिले का नाम चमकाया। एकेडमी के संचालक हरजोत सिंह रंधावा व कोच हरप्रीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राइफल गर्ल्स में किंजल व वंशु ने रजत, पिस्टल गर्ल्स में वंशिका ने गोल्ड, पिस्टल बॉयज में हरजोत सिंह रंधावा व आरव ने कांस्य पदक हासिल किया, जबकि सविता, रोहिणी, मनीष, अनुराग, वरुण, आमिष ने भी इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत होती रहती है, लेकिन एक अच्छा खिलाड़ी वही है, जो हार से निराश न होकर और अधिक मेहनत कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। संचालक हरजोत सिंह रंधावा ने कहा कि सभी शूटर काफी प्रतिभाशाली हैं और इनका भविष्य शूटिंग में सुनहरा है।
फोटोः 28सिरसा09ः मेडल के साथ विजेता खिलाड़ी।

### कर्मचारियों ने एसडीओ कार्यालय घेरा

**सिरसा।** बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को रानियां में एसडीओ कार्यालय का घेराव किया। कर्मचारी श्याम लाल, सतिंद्र मोंगा, मनोज कुमार, सीता राम, सतबीर आदि ने बताया कि एसडीओ द्वारा अपनी पावर का लगातार दुरुपयोग किया जा रहा है और कर्मचारियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है और लगातार कर्मचारियों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करवाई जा रही है। कुछ कर्मचारियों की सैलरी भी बंद करवाई जा रही है। अप्रैल के महीने में कर्मचारियों के बच्चों के एडमिशन, किताबें, यूनिफार्म आदि के कितने खर्च होते हैं। समय रहते बातचीत करके कर्मचारियों की समस्या का समाधान करवाया जाए। सर्कल सचिव सतिंद्र मोंगा ने कहा कि एसडीओ की भी सैलरी रोकी जाए। अगर एसडीओ का यही रवैया रहा तो आंदोलन को तेज किया जाएगा।

# डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण, सुरक्षा-स्वच्छता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने मंगलवार को ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस के साथ-साथ स्टोर रूम और प्रांगण का भी जायजा लिया लेते हुए सम्बंधित अधिकारियों को ईवीएम सुरक्षा चाक चौबंद रखने के साथ ही हर पहलू की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसी डॉ. भारती ने ईवीएम वेयरहाउस के आसपास साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस परिसर में किसी भी प्रकार का अनावश्यक सामान नहीं रखा जाना चाहिए और सभी सामग्री को व्यवस्थित रूप से स्टोर रूम में ही रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रांगण में किसी भी प्रकार का सामान या उपकरण खुले में न छोड़ा जाए। इसके अलावा डीसी ने सफाई व्यवस्था को निरंतर बनाए रखने पर जोर दिया और उपलब्ध खाली स्थानों पर पौधरोपण करने के निर्देश दिए।

### नागरिक अस्पताल में पानी की टंकियों की जांच

**फतेहाबाद।** गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अस्पताल परिसर में स्थापित पानी की टंकियों की सफाई और उनकी स्थिति की गहन जांच की गई। निरीक्षण टीम का नेतृत्व डॉ. जयप्रकाश शर्मा ने किया। डॉ. शर्मा ने बताया कि अस्पताल की सभी पानी की टंकियों की नियमित रूप से सफाई करवाई जा रही है और उनकी कार्यक्षमता की भी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी टंकी में कोई खराबी या कमी न रहे, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को साफ और ठंडा पेयजल मिल सके।

## अलग-अलग मामलों में डोडा पोस्त सहित दो तस्कर पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

थाना भट्टूकलां और सदर फतेहाबाद पुलिस ने दो अलग-अलग छापेमारी में पंजाब के दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 16 किलो 150 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पहली बड़ी सफलता थाना भट्टू कलां पुलिस को मिली। थाना प्रभारी उप-निरीक्षक राधेश्याम के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त के दौरान बस अड्डा भट्टू कलां पर मौजूद थी। इसी बीच सूचना मिली कि बठिंडा निवासी एक व्यक्ति भारी मात्रा में नशा लेकर रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ा है और पंजाब जाने की फिराक में बस का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी और आरोपी गुरनेब सिंह निवासी लहरा बेगा, जिला बठिंडा को काबू कर लिया। दूसरी कार्रवाई थाना सदर फतेहाबाद पुलिस द्वारा अमल में लाई गई। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि पुलिस टीम अपराध जांच के दौरान एनएच-9 हिसार-सिरसा रोड पर करनौली मोड़ के पास गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को एक युवक दिखाई दिया, जो पुलिस की गाड़ी देखकर भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया।

# राष्ट्र निर्माण में दें योगदान, स्व-गणना जरूर करें

### जनगणना-2027 को लेकर जिला में हुए जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नगराधीश अजय सिंह ने कहा कि जनगणना-2027 के तहत करवाई जा रही स्व-गणना नागरिकों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का सशक्त माध्यम प्रदान करती है। स्वगणना से न केवल समय और संसाधनों की बचत होती है, बल्कि आंकड़ों की सटीकता और पारदर्शिता भी सुनिश्चित होती है। उन्होंने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे 30 अप्रैल तक इस अभियान में बढ़-चढकर भाग लें और राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा जिले भर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए


**सिरसा।** जनगणना को लेकर लोगों को जागरूक करते अधिकारी।

जा रहे हैं, जिनमें लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं और ग्राम पंचायतों ने भी इस अभियान में सक्रिय सहयोग देते हुए लोगों को प्रेरित किया है। जिला सांख्यिकी अधिकारी अमिता चौधरी ने बताया कि जिले में स्व-गणना अभियान को लेकर व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। गांवों, वार्डों और शिक्षण संस्थानों में विशेष कैंप लगाकर लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया समझाई जा रही है।

#### लोगों से अपील

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते स्व-गणना पूर्ण कर इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाएं। जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना को लेकर जिले में व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गांव पन्नीवाला मोटा, बुखारा खेड़ा, गोबिंदगढ़ में ग्रामीणों को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया, महत्व तथा सही जानकारी दर्ज करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## टोहाना-बलियावाला रोड व स्विमिंग पूल निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसडीएम आकाश शर्मा ने मंगलवार को टोहाना से बलियावाला तक निर्माणाधीन सडक़ तथा बलियावाला हेड पर बन रहे अत्याधुनिक स्विमिंग पूल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने टोहाना-बलियावाला रोड के निर्माण कार्य का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ही सडक़ की परत, निर्माण सामग्री और तकनीकी मानकों की जांच की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार



की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सडक़ निर्माण में आधुनिक तकनीकों का उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि सडक़ लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे। उन्होंने कहा कि मजबूत और गुणवत्तापूर्ण सडक़ें न केवल आवागमन को सुगम बनाती हैं, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी गति देती हैं।

# विज्ञान और प्रौद्योगिकी साथ–साथ आगे बढ़ते हैं : प्रो. आहलूवालिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय सिरसा के भौतिकी विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन एडवांसेज इन मटेरियल साइंस एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज का मंगलवार को शुभारंभ विश्वविद्यालय के एमपी हॉल ऑडिटोरियम में हुआ। सम्मेलन में देशभर से वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और शोधार्थियों ने भाग लिया।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि इंडियन एसोसिएशन ऑफ फिजिक्स टीचर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. पीके आहलूवालिया ने कहा कि विज्ञान का प्रयोग दैनिक जीवन में अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अकसर यह भ्रम रहता है कि पहले विज्ञान आया या प्रौद्योगिकी, जबकि वास्तविकता यह है कि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं और साथ-साथ विकसित होते हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति एवं सम्मेलन के मुख्य संरक्षक प्रो. विजय कुमार नें कहा कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आज के युग में नवाचार और शोध के बिना किसी भी राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने सेमीकंडक्टर के महत्व पर भी प्रकाश डाला।


**सिरसा।** अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट करते कुलपति।

### जोनल स्तरीय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# फतेहाबाद की सीएसबी इलेवन बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

स्वास्थ्य विभाग हिसार द्वारा आयोजित जोनल स्तरीय क्रिकेट खेल प्रतियोगिता में स्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद की सीएसबी इलेवन ने अपने शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए खिताबी जीत दर्ज की है। हिसार पुलिस लाइन के खेल मैदान पर खेले गए बेहद रोमांचक और कड़े मुकाबले वाले फाइनल मैच में फतेहाबाद की टीम ने सर्वेश पैंथर्स को 22 रनों से शिकस्त देकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत के साथ ही फतेहाबाद की टीम ने अंचल स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीएसबी इलेवन ने निर्धारित 15 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 138 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से एबी डीविलियर्स ने आतिशी पारी खेलते हुए मात्र 33 गेंदों पर 7 चौकों और 2 छक्कों की मदद से शानदार 54 रन बनाए। कप्तान मेजर डॉ. शरद ने भी संयम और आक्रामकता का परिचय देते हुए 28 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। फतेहाबाद की ओर से प्रदीप सुथार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में महज 6 रन देकर 3 विकेट चटकाए, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया। वहीं जेडी झाझडा ने भी दो सफलताएं हासिल कीं।


**फतेहाबाद।** टूर्नामेंट में विजेता रही स्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद की टीम।

#### सेमीफाइनल में एमएसजी को किया पराजित

इससे पूर्व खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में सीएसबी इलेवन ने एमएसजी लायंस सिरसा को 28 रनों से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में कप्तान डॉ. शरद ने जादुई गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट हासिल किए थे, जबकि बल्लेबाजी में प्रदीप सुथार के 44 रन और गोरा के 33 रनों का अहम योगदान रहा था। इस पूरे टूर्नामेंट के दौरान टीम के कप्तान मेजर डॉ. शरद ने एक बड़ा व्यक्तिगत कीर्तिमान भी स्थापित किया।

## खबर संक्षेप

### अफीम व चूरा पोस्त के साथ दो तस्कर दबोचे

**रतिया।** सीआईए रतिया पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ सफलता हासिल करते हुए एक महिला और एक पुरुष को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 625 ग्राम अफीम और 4 किलो 370 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। सीआईए रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि एक युवक और एक महिला कमाना मोड़ पर संदिग्ध सामान के साथ खड़े होने की सूचना मिली। टीम ने तुरंत मौके पर पहुँचकर घेराबंदी की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

### 31 मई तक लक्ष्य पूरा करने के दिए निर्देश

**फतेहाबाद।** डीसी डॉ. विवेक भारती ने जल शक्ति अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों को 31 मई तक हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्राम पंचायतों और आमजन से जल संचयन एवं संरक्षण के कार्यों में सक्रिय सहयोग की अपील भी की। डीसी मंगलवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद अभियान से जुड़े अधिकारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल शक्ति अभियान को जन-आंदोलन का रूप देना जरूरी है, ताकि इसके स्थायी और सकारात्मक परिणाम सामने आ सकें।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मई को लगेगी

**सिरसा।** न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से केसों के निपटारे के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस लोक अदालत में कुल सभी तरह के मामले निपटाए जाते हैं जो कोर्ट मे लंबित हो और इस लोक अदालत की प्रक्रिया सरल और साधारण है जिसे दोनों पक्षों की सहमति से निपटाया जाता है।

### महिला सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचाने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान तुलसीदास उर्फ टोनी पुत्र केदारनाथ, विरमा देवी पत्नी तुलसीदास तथा जयपाल पुत्र केदारनाथ निवासी गांव कोटली के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत डिंग थाना में मामला दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बीते दिन डिंग थाना की एक पुलिस टीम पोक्सो एक्ट के तहत वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए गांव कोटली में उसके निवास स्थान पर पहुंची थी।

### सिविल लाइन थाना परिसर में हवन-यज्ञ

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना परिसर में आज समाज में सुख-शांति, समृद्धि एवं पर्यावरण स्वच्छता के उद्देश्य से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया और विधि-विधान के साथ आहुति अर्पित कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी संजीव बल्हार ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक एवं आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

### चेयरपर्सन के साथ सदस्य व सरपंच भी कर रहे विरोध

# बीडीपीओ पर मनमानी का आरोप, दूसरे दिन भी धरना

**चेयरपर्सन ने अनिश्चितकाल तक धरना जारी रखने का किया दावा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** बीडीपीओ के खिलाफ धरने पर बैठे पंचायत समिति चेयरपर्सन, सदस्य व सरपंच। फोटो : हरिभूमि

पंचायत समिति चेयरपर्सन पूजा बरसीन के नेतृत्व में दर्जनों सरपंचों और समिति सदस्यों ने खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के खिलाफ दूसरे दिन भी बीडीपीओ कार्यालय में धरना जारी रखा। चेयरपर्सन का दावा है कि उनका धरना अनिश्चितकालीन चलेगा। जब तक बीडीपीओ पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी तब तक वह धरना खत्म नहीं करेगी। आज धरने में चेयरपर्सन के अलावा सरपंच परमजीत कौर, परमवीर सिंह सरपंच करनौली, दीपक कम्बोज सरपंच हरिपुरा, सुमन रानी सरपंच दरियापुर, दलबीर कौर सरपंच सालमखेड़ा, अशोक सरपंच ढाणी छतरियां, गुरभेज सिंह सरपंच रजाबाद, हनुमान सिंह सरपंच धारनियां, गुरनाम सिंह सालमखेड़ा, कर्ण सिंह सरपंच हिजरावां, सुरेश कम्बोज दरियापुर, विकास सरपंच बरसीन, खेमराज सरपंच खान मोहम्मद, गुरदीप सिंह सरपंच काताखेड़ी, सुलखन सिंह सरपंच भीमा बस्ती, महेन्द्र सरपंच अयाल्की के अलावा पंचायत समिति सदस्य पिन्दर रानी, ब्रह्मजीत करनौली, भजन अहलीसदर, हरभजन काताखेड़ी, सुनील दरियापुर, विजेन्द्र ढाका बनगांव, हनुमान सोनी, सुभाष एमपी रोही आदि मौजूद रहे।

धरने पर बैठी पंचायत समिति चेयरपर्सन पूजा बरसीन ने आरोप लगाया कि बीडीपीओ उनकी अनुपस्थिति में उनकी आधिकारिक कुर्सी पर बैठते हैं, जो एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि के पद का अपमान है।

#### नीचा दिखाने की कोशिश करने का आरोप

पूजा बरसीन ने बताया कि उनकी बिना अनुमति और सहमति के उनके कार्यालय कक्ष में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए गए हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह अनुचित और उनकी प्राइवेसी में दखलअंदाजी करार दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लेने के बजाय उन पर निगरानी रखने और उन्हें नीचा दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। यह लोकतंत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पूजा चराईपौत्रा का कहना है कि बार-बार आरटीआई लगाकर भी उनको काम करने से रोका जा रहा है। जो भी काम करवाए जाते हैं, उसी की आरटीआई लगा दी जाती है। इस तरह जान बूझकर उन्हें परेशान किया जा रहा है। आरटीआई लगाने वालों को बीडीपीओ शह देते हैं। धरने पर बैठे प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उच्चाधिकारी इस मामले में हस्तक्षेप नहीं करते और दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। उनकी मांग है कि जनप्रतिनिधियों के मान-सम्मान को बहाल किया जाए। विकास कार्यों में की जा रही अनावश्यक देरी को बंद किया जाए।

### डॉ. शत्रुजीत सिंह की किताब 'सिरसा : इतिहास एवं संस्कृति' का विमोचन

# सिरसा के इतिहास व संस्कृति से लोगों को रूबरू कराएगी पुस्तक : डॉ. धर्मदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा, फतेहाबाद में प्राचार्य शत्रुजीत सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'सिरसा : इतिहास एवं संस्कृति' का विमोचन हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, पंचकूला के निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने किया। साहित्य संगीत कला संस्कृति मंच के तत्वावधान में आयोजित पुस्तक विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी रहे। वरिष्ठ साहित्यकार, यायावर डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। साहित्य संगीत कला संस्कृति मंच के अध्यक्ष व आयोजक पवन सागर तथा महाविद्यालय के पीआरओ डॉ. मोहिन्द्र कुमार ने बताया कि महाविद्यालय की वाइस प्रिंसिपल डॉ. लखवीर कौर ने मेहमानों का स्वागत किया तथा प्रोफेसर रीता आनन्द ने पुस्तक की समीक्षा की।


**फतेहाबाद।** महिला महाविद्यालय में पुस्तक का विमोचन करते अतिथिगण।

#### डॉ. शत्रुजीत सिंह को बधाई दी

पुस्तक विमोचन करते समय निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी, डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने पुस्तक लेखन व विमोचन के लिए डॉ. शत्रुजीत सिंह को बधाई दी। डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी ने कहा कि डॉ. शत्रुजीत सिंह की पुस्तक 'सिरसा : इतिहास एवं संस्कृति' सिरसा के इतिहास को जानने व इस क्षेत्र की संस्कृति से रूबरू होने का समृद्ध दस्तावेज है। यह पुस्तक विद्यार्थियों, शोधार्थियों, साहित्य, संस्कृति, इतिहास को जानने के इच्छुक पाठकों के लिए मील का पत्थर व मार्गदर्शक साबित होगी। कार्यक्रम के अध्यक्ष व वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने कहा कि इतिहास को जानने के साथ-साथ हमें अपनी संस्कृति, अपनी विरासत से जुड़ना चाहिए। प्रकृति व संस्कृति जीने का सही तरीका सिखाती है। इस अवसर पर डॉ. सुरेश पंचारिया, डॉ. बलराज शर्मा, मुकेश राही, सरोज, डॉ. गुरनाम चंद, डॉ. भारत भूषण, डॉ. कविता, डॉ. पवन कुमार, डॉ. सुमित्रा रानी, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. भरत कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### मीठे पेयजल की छबील व तरबूज का भंडारा लगाया

■ गोमाता की सेवा करने से सभी कष्टों का होता है निवारण

**ओढां।** गांव घुकांवाली के बीचों-बीच में स्थित डेरा संत सेवा दास में आज ठंडे मीठे पेयजल की छबील और तरबूज का भंडारा लगाया गया। इस दौरान सेवादारो व गांववासियों ने राहगीरों व स्कूल के बच्चों को ठंडा मीठा पानी पिलाकर व तरबूज खिलाकर सेवा की। इस दौरान गांववासी हरिराम खलेरी, कुलदीप आचार्य, पंकज सिहाग, राजेंद्र नर्षोत, अजय रुपाणा, सुल्तान गड़वाल, विक्रमजीत, सुखदीप सिंह, जागबिंद्र सिंह, बाबु सिंह, बब्बू सिंह आदि मौजूद रहे। वर्तमान गद्दीनशीन बाबा प्रेम दास ने बताया कि इन दिनों भयंकर गर्मी पड़ती है। गर्मी के दिनों में राहगीरों की प्यास बुझाना सबसे उत्तम सेवा है। सब धर्मों में भूखे को अन्न खिलाने और प्यासे को पानी पिलाने की सेवा सबसे उत्तम है। गांव के गोभक्त व समाजसेवी पंकज सिहाग ने बताया कि लोगों को इंसानों के अलावा पशु-पक्षियों के लिए भी अपने घरों के आस-पास पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि कोई बेजुबान प्यासा न रहें। उन्होंने आगे बताया कि गौमाता की सेवा करने से सभी कष्ट कष्टों का निवारण हो जाता है इसलिए सभी को गौमाता की सेवा अवश्य करनी चाहिए।


**ओढां।** भ्रमण पर गए इंजीनियरिंग कॉलेज पन्नीवालामोटा के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक कंपनियों का भ्रमण

**ओढां।** चौधरी देवी लाल राजकीय अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संस्थान पन्नीवाला मोटा में शिक्षा प्राप्त कर रहे फूड टैक्नोलॉजी विभाग के छात्र-छात्राओं को औद्योगिक दौरे के लिए श्री कृष्णा खाद्य एवं पेय पदार्थ कम्पनी अम्बाला कैंट ले जाया गया। इस दौरान फूड टैक्नोलाजी विभाग के विद्यार्थियों को खाद्य एवं पेय पदार्थ कम्पनी अम्बाला कैंट के मैनेजर नवीन शर्मा ने फैक्ट्री में बनने वाले प्रोडेक्टों जैसे पोटैबल ड्रींकिंग वॉटर, साफ्ट ड्रींक, मिनरल वॉटर, शुद्ध व साफ वॉटर के बारे में विस्तार से बताया। इसी के साथ-साथ औद्योगिक दौरे पर आए छात्रों को वहां तैयार होने वाले प्रोडेक्टों के बारे में यह बताया कि किस प्रकार भिन्न-भिन्न मशीनों के द्वारा इन तैयार किए गए प्रोडेक्टों की पैकिंग की जाती है। इस दौरान कंपनी के मैनेजर ने छात्रों को अपनी कम्पनी में ट्रेनिंग के दौरान स्टाईफंड देने व नियमित तौर पर जॉब करने की पेशकक्ष भी की। भ्रमण दल को डा. रजनी कंबोज विभागध्यक्ष फूड टैक्नोलाजी विभाग व डॉ. रूबरिंद्र सिंह सहायक प्रोफेसर की देखरेख में श्री कृष्णा खाद्य एवं पेय पदार्थ कंपनी, अम्बाला कैंट भेजा गया।

# नो फायर कुकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट और पोषण युक्त व्यंजन बनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में 'नो फायर कुकिंग प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बच्चों के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल उनकी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भरता और सुरक्षित कुकिंग के महत्व को समझाना भी था। प्रतियोगिता में स्कूल की छठी से दसवीं तक की कक्षाओं के विद्यार्थियों ने बिना आग का उपयोग किए स्वादिष्ट और पोषण युक्त व्यंजन तैयार किए। इन व्यंजनों में बच्चों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का भरपूर प्रदर्शन किया। बच्चों ने मिक्स फ्रूट सलाद,


**फतेहाबाद।** स्पर्धा में भाग लेते विद्यार्थी।

केक, चॉकलेट बॉल्स, खजूर पान, नारियल पेड़, बेसन के लड्डू, फलों से बने जूस, भेल पूरी आदि बहुत स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। प्रतियोगिता के निर्णायकमंडल के निर्णय के अनुसार झलक, मयंक, यशवी, वान्या, केसर, गौरव, मान्य, टीना, विहान, मनीषा प्रथम स्थान पर रहे। हर्षिका, लीजा, हर्षिका बंसल, श्रुति, कुमुद, दीपांशी, गौरांश, काव्या, गाव्या, मोक्षिता द्वितीय स्थान पर रहे। कंगना, मान्या, हार्दिक, रिया, परिधि, जैस्मिन, प्रभनूर, मिष्ठी, रेणुका, नवयम, सिद्धार्थ, हर्ष, मयंक, अंश, मयंक, अवनी, नेहा, पूर्वंशी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन टीम ने बेहतरीन ढंग से किया। प्रधानाचार्या ऋतु सिंधु ने कहा कि विद्यालय का यह प्रयास बच्चों के लिए एक सीखने योग्य अनुभव है। नो फायर कुकिंग जैसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मनिर्भरता विकसित करते हैं।

## न्यूज डायरी

### धोखाधड़ी कर लोन वाली गाड़ी बेचने वाला गिरफ्तार, आरसी पर कर्ज छिपाकर की थी ठगी



**भट्टूकलां।** भट्टूकलां पुलिस ने जालसाजी और धोखाधड़ी के मामले में सफलता हासिल की हैं। पुलिस ने लोन वाली गाड़ी को बिना बकाया बताए बेचने और बाद में पीड़ित को जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान बनमंदोरी निवासी राकेश कुमार उर्फ राकू के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम ने बताया कि गांव बनमंदोरी निवासी मनीष कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। मनीष ने 12 मार्च 2025 को आरोपी राकेश कुमार से एक गाड़ी खरीदी थी। गाड़ी के सौदे के वक्त आरोपी ने बाकायदा एफिडेविट दिया था कि गाड़ी पर किसी भी प्रकार का बैंक लोन या टैक्स बकाया नहीं है। विश्वास में आकर पीड़ित ने गाड़ी खरीद ली, लेकिन बाद में खुलासा हुआ कि गाड़ी पर एक फाइनेंस कंपनी का कर्ज बकाया है, जिसे आरोपी ने चालाकी से आरसी पर दर्ज नहीं करवाया था।पीड़ित मनीष ने जब इस धोखाधड़ी के बारे में आरोपी से बात की और लोन क्लियर करने को कहा, तो आरोपी अपनी गलती सुधारने के बजाय गाली-गलौज और हाथापाई पर उतारू हो गया।

### साइबर पुलिस ने कोलकाता से युवक को पकड़ा

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद की साइबर क्राइम पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के एक मामले में गहनता से जांच करते हुए एक युवक को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में पुलिस अब तक कुल पांच आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। आरोपी की पहचान कोलकाता निवासी मोहम्मद इहतिसामुद्दीन के रूप में हुई है। थाना साइबर क्राइम प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि ठगी की यह घटना 9 दिसंबर 2024 को हुई थी। शिकायतकर्ता जोगिन्द्र कुमार, निवासी शिव नगर, फतेहाबाद ने साइबर पोर्टल पर दर्ज अपनी शिकायत में बताया था कि उसके मोबाइल फोन पर एक संदिग्ध लिंक आया था। जैसे ही उसने उस लिंक पर क्लिक किया, उसके फोन में एक अज्ञात एपीके फाइल ऑटोमैटिक डाउनलोड हो गई। इस फाइल के जरिए साइबर ठगों ने जोगिन्द्र के मोबाइल फोन का पूरा एक्सेस अपने नियंत्रण में ले लिया। इसके तुरंत बाद, ठगों ने उसके एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हुए कुल 75 हजार 900 रुपये की अवैध ट्रांजेक्शन कर ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस की टीम कोलकाता, पश्चिम बंगाल तक जा पहुंची, जहाँ से आरोपी मोहम्मद इहतिसामुद्दीन को काबू किया गया। आरोपी साउथ 24 परगना जिले के क्रिस्टोफर रोड स्थित फ्लोरा फाउंटेन का निवासी है।

### नौ लाख 11 हजार मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

**सिरसा।** जिला की मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद प्रक्रिया जारी है। गत दिवस तक जिला के एक लाख तीन हजार 422 किसानों की नौ लाख 11 हजार 516 मीट्रिक टन (एमटी) गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 63830 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा छह लाख 85 हजार 956 मीट्रिक टन तथा एचएसडब्ल्यूसी एक लाख 61 हजार 730 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि अबूबशहर मंडी में 24007 मीट्रिक टन, बड़ागुढा मंडी में 19,994 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 49388 मीट्रिक टन, डिंग मंडी में 23842 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद मंडी में 54064 मीट्रिक टन खरीद हुई।

# महिला कॉलेज की छात्राओं ने बनाई विश्वविद्यालय मेरिट सूची में जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा


**सिरसा।** विद्यार्थियों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह। **फोटो : हरिभूमि**

राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और परिश्रम का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। महाविद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विभिन्न संकायों में छात्राओं की उपलब्धियां विशेष रूप से उल्लेखनीय रहीं। बी.कॉम 5वें सेमेस्टर में पूजा रानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं बीएससी 5वें सेमेस्टर की छात्रा यशप्रीत ने विश्वविद्यालय में चौथा स्थान हासिल किया।

प्रबंधन एवं वाणिज्य संकाय में भी छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। बीबीए तृतीय सेमेस्टर में अंशिता ने चौथा तथा कुलविंदर कौर ने आठवां स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर में भाविका मेहता ने पांचवां तथा कुमकुम ने दसवां स्थान अर्जित कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया।

# प्रदेश में बिजली व पानी संकट गहराया, जनता परेशानः सैलजा

■ टैंकरों से पानी मंगवाने के लिए मजबूर हो गए हैं लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पेयजल संकट ने गंभीर रूप ले लिया है। प्रदेश के अनेक जिलों विशेषकर सिरसा के ऐलनाबाद क्षेत्र सहित विभिन्न हिस्सों में पानी की भारी कमी देखी जा रही है। स्थिति इतनी विकट हो चुकी है कि कई स्थानों पर पानी की राशनिंग तक लागू करनी पड़ रही है और लोगों को टैंकरों के माध्यम से पानी मंगवाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। दूसरी ओर बिजली संकट कोढ़ में खाज सा काम कर रही है।

सांसद सैलजा ने कहा कि जो हरियाणा अपने आप को विकसित राज्य बताता है, वहां आज गांवों और शहरों की पंचायतों की सबसे बड़ी मांग पेयजल टैंकर बन चुकी है। यह स्थिति सरकार की जल प्रबंधन व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि अपने सांसद कोटे से उन्होंने दर्जनों गांवों में पानी के टैंकर उपलब्ध करवाए हैं, लेकिन इसके बावजूद पानी की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि वह तुरंत प्रभाव से पेयजल आपूर्ति को नियमित और सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### वार्ड समितियों की बैठकों में ट्रांसजेंडर समुदाय होगा 'विशेष इनवाइटी'

**सिरसा।** हरियाणा में समावेशी और सहभागी शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सिरसा जिला प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां वार्ड समितियों की बैठकों में ट्रांसजेंडर समुदाय 'विशेष इनवाइटी' होंगे। इस पहल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को स्थानीय प्रशासनिक प्रक्रियाओं में शामिल कर उनकी आवाज को सशक्त बनाना है। सीएमजीजीए पुरु रोहिल्ला ने बताया कि वार्ड समितियों के कार्यों में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित होते हुए स्थानीय मुद्दों को प्रशासन व्यवस्था में पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिले, यह इस पहल का उद्देश्य है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। अब वार्ड क्षेत्रों में रह रहे ट्रांसजेंडर समुदाय को अब सभी वार्ड समिति बैठकों में विशेष आमंत्रित के रूप में बुलाया जाएगा। इस कदम से ट्रांसजेंडर समुदाय को अपने मुद्दे सीधे तौर पर रखने और निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने का अवसर मिलेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916

### रजिस्टर, स्टाफ रिकॉर्ड एवं अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी केंद्र का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव जल्लोपुर, केटी कॉलेज रतिया तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय खाई का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों का गहन जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल एवं कॉलेज के विभिन्न रजिस्टरों की बारीकी से जांच करते हुए रिकॉर्ड को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर, स्टाफ रिकॉर्ड एवं अन्य प्रशासनिक दस्तावेजों की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि सभी अभिलेख पारदर्शिता एवं नियमितता के साथ संधारित किए जाएं। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।



**रतिया।** आरोही स्कूल जल्लोपुर में स्कूल बस की जांच करते एसडीएम।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने आरोही मॉडल स्कूल, जल्लोपुर में स्कूल बसों की विशेष रूप से चेकिंग की। उन्होंने बसों की फिटनेस, सुरक्षा मानकों, ड्राइवरों के दस्तावेज, फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने लाली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को दिए जा रहे पोषण आहार, स्वच्छता व्यवस्था तथा उपलब्ध सुविधाओं की जांच की। उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण, पोषण कार्यक्रम एवं गर्भवती महिलाओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों को समय पर पोषण आहार उपलब्ध करवाया जाए तथा केंद्र में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

#### तहसील में संचालित ई-दिशा केंद्र का निरीक्षण

**रतिया।** एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को तहसील परिसर में संचालित ई-दिशा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में उपलब्ध सेवाओं, कार्यप्रणाली तथा आम नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सुरेन्द्र सिंह ने विभिन्न काउंटरों का अवलोकन करते हुए उपस्थित कर्मचारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से सेवाएं उपलब्ध करवाई जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने केंद्र में साफ-सफाई व्यवस्था, बैठने की सुविधा, शौचालयों की स्वच्छता तथा आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि ई-दिशा केंद्र आमजन को विभिन्न सरकारी सेवाएं प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए यहां आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। एसडीएम ने कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी सेवाएं ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से सुचारू रूप से संचालित करें। इस दौरान उन्होंने लंबित आवेदनों की स्थिति की भी समीक्षा की और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि ई-दिशा केंद्र सरकार और आम जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी है, इसलिए यहां सेवाओं का सुचारू, पारदर्शी संचालन अत्यंत आवश्यक है।